सुविचार

आपका दर्द, किसी के लिए हँसने की वजह बन जाये पर ध्यान देना आपकी हँसी कभी भी किसी के दर्द की वजह नहीं बननी चाहिए।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-14 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 12 मई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## संयुक्त परिवार का मुखिया अगर परिवार के साथ छल करता है तब किस धारा के अंतर्गत अपराध होगा जानिए/legal advice......



संयुक्त परिवार से लेकर कोई भी संस्था का मुखिया एक निकाय का प्रमुख होता है एवं उसके अधीन रहने वाले सभी सदस्य का कर्मी उस पर विश्वास करते हैं, एवं वही वही परिवार मुखिया स्वयं के लाभ के लिए बेईमानी पूर्वक उन लोगो से छल करता है या उनको लाभ-हानि पहुचाता है तब उसे भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 418 के अंतर्गत दण्डित किया जाएगा।

**नोटः-** धारा के अंतर्गत बैंकर, सॉलिसिटर(सहायक जनरल),अभिकर्ता(एजेंट), न्यासी(ट्रस्टी),संरक्षक(अभिभावक),कम्पनी के निदेशक, हिन्दू संयुक्त परिवार का मुखिया, प्रबंधक(मेनिजर) आदि आते हैं।

### आईपीसी की धारा 418 के अंतर्गत,दण्ड, जमानत,राजीनामा जानिए।

आईपीसी की धारा 418 का अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होता है अर्थात पुलिस थाना अधिकारी ऐसे अपराध की तुरंत एनसीआर (ष्ह्रश्चष् धारा 155) दर्ज करेगा एवं जमानत भी पुलिस थाने से ही ली जा सकती है। इस अपराध की सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है,इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

### भारतीय दण्ड संहिता की धारा 418 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 320 की उपधारा (2) के अनुसा हित संरक्षक करने वाले व्यक्ति द्वारा छल करने का अपराध समझौता योग्य अपराध है इस अपराध का समझौता न्यायालय की आज्ञा पर अर्थात न्यायालय की मंजूरी के उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिसके साथ छल किया गया है।

**कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाइल 7999293638**

## राजभवन लोक कल्याण की जिम्मेदारी : राज्यपाल श्री पटेल




**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राजभवन लोक कल्याण की जिम्मेदारी है। इसी भाव के साथ उन्होंने प्रदेश के सभी 52 जिलों का भ्रमण कर आमजन, वंचित वर्ग के दुःख दर्द की जानकारी प्राप्त की है। उनके समाधान और विकास के कार्य किए हैं। श्री पटेल आज भोपाल में माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय संस्थान के द्वारा द्विवेदी-सप्रे युगीन प्रवृतियां और सरोकार विषय पर पं. झाबरमल्ल शर्मा सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने डॉ हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान डॉ. कृपाशंकर चौबे और महेश गुप्ता सृजन सम्मान श्री गौरव अवस्थी को प्रदान किए। कार्यक्रम में राज्यपाल को पुस्तक ज्ञान तीर्थ सप्रे संग्रहालय और चित्र भेंट किए गए। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रकृति ने मानव को वाणी, बुद्धि जैसी अद्भुत शक्ति परमार्थ के लिए ही दी है। आवश्यकता युवाओं को राष्ट्र और समाज के प्रति उनके दायित्व का बोध कराने की है। उन्होंने कहा कि सबके साथ, विश्वास, प्रयासों के साथ विकास, राष्ट्र के विकास का आधार है। उन्होंने अमृत काल में सप्रे संग्रहालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए, उसे भावी पीढ़ी को राष्ट्र के गौरव से जोड़ने का सेवा प्रकल्प बताया। उन्होंने कहा कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, कर्मयोगी माधव राव सप्रे ने बीसवीं सदी के आरंभिक तीन दशकों में समाज का बौद्धिक नेतृत्व किया। उनके महान अवदान से युवाओं को परिचित कराने की पहल सार्थक प्रयास है। संगोष्ठी राष्ट्रीय एकता के सूत्र के रूप में हिंदी की भूमिका के वैचारिक प्रवाह को तेज करेगी। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रोफेसर के. जी. सुरेश ने कहा कि आचार्य द्विवेदी और माधव राव सप्रे समकालीन और बहुआयामी व्यक्ति थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। युगीन साहित्य की धारा का नेतृत्व किया है। उनकी विशिष्टता थी कि रचनात्मक क्षमता में उनसे बेहतर प्रतिभाओं की रचनाधर्मिता का वे आदर्श थे। उन्होंने कहा कि ऐसा ही बौद्धिक नेतृत्व वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवा शक्ति को इतिहास के साथ जोड़ने और साहित्य पत्रकारिता की पारस्परिकता की परंपरा को जीवित रखने के लिए सप्रे संग्रहालय के प्रयासों की सराहना की। आचार्य स्मृति रजत जयंती महोत्सव के संयोजक श्री गौरव अवस्थी ने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति संरक्षण अभियान के प्रारंभ और विकास के विभिन्न पड़ावों और यादगार पलों का उल्लेख किया।

# अनुच्छेद-32 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट में याचिका कौन लगा सकता है जानिए/fundamental of rights....

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 32 नागिरिको के मौलिक अधिकार के उल्लंघन होने पर उनके अधिकारों का संरक्षण करता है अर्थात व्यक्ति अनुच्छेद 32 के अंतर्गत डारेक्ट सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा सकता है ऐसे में सवाल यह है कि वे कौन व्यक्ति होंगे जो मौलिक अधिकारों के उल्लंघन पर याचिका लगा सकते हैं एवं किस प्रकार लगा सकते हैं जानिए।

### भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 32(1) की परिभाषा?

प्रत्येक नागरिक को अपने मूल अधिकारों को,आरंभ करने, लागू करने एवं संरक्षण आदि कराने के लिए अनुच्छेद 32 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय की शरण लेने का अधिकार प्राप्त है।

### संरक्षण के लिए आवेदन कौन कर सकता है जानिए?

अनुच्छेद 32 के अंतर्गत संरक्षण के लिए आवेदन देने का एवं अनुतोष(राहत) प्राप्त करने का अधिकार उसी व्यक्ति को है जिसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

**किसी निर्धन, गरीब, अनप? व्यक्ति के लिए कोई संस्था,या हतह्न भी अनुच्छेद 32 के अंतर्गत आवेदन कर सकता है जानिए-**



उच्चतम न्यायालय में लोक हित वाद एवं सार्वजनिक हितों के मौलिक अधिकार के उल्लंघन के लिए कोई भी रजिस्ट्र, आरजिस्ट्र संस्था भी याचिका लगा सकते हैं जानिए महत्वपूर्ण जजमेंट।

1. डी. एस.नकारा बनाम भारत संघ एवं एक अन्य ओर मामला(अखिल भारतीय रेलवे शोषित कर्मचारी संघ बनाम भारत संघ :- मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह अभिनिर्धारित किया कि कोई भी रजिस्ट्रीकृत संस्था, गैर रजिस्ट्रीकृत संस्था, गैर राजनीतिक स्वैच्छिक संघ, अपंजीकृत संगठन आदि किसी निर्धन, गरीब,अनप?, लोक हितवाद या सार्वजनिक हितों के संरक्षण के लिए अनुच्छेद 32 के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं।

### क्या उच्चतम न्यायालय अनुच्छेद 32 की याचिका एक पत्र को भी मान सकता है जानिए?

उच्चतम न्यायालय द्वारा बहुत से जजमेंट में बताया गया है कि व्यक्ति अगर एक साधारण पत्र में माध्यम से अपने मौलिक अधिकार के उल्लंघन होने पर आवेदन करता है तब उसे अनुच्छेद 32 के अंतर्गत स्वीकार करना न्यायालय का कर्तव्य है वशर्ते यह है कि आवेदन पर में न्यायालय का नाम होना चाहिए न कि न्यायमूर्ति, न्यायाधीश का।

**उक्त संदर्भ में महत्तवपूर्ण जजमेंट निम्न है:-**

1. एस. सी. मेहता ओर अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य।
2. एस. पी.गुप्ता बनाम भारत संघ।
3. सुनील बन्रा बनाम दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन।
4. पीपुल्स यूनियन फोर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ।

उक्त मामलो में सुप्रीम कोर्ट ने कहाँ है कि कोई भी व्यक्ति का मात्र पत्र भी अनुच्छेद 32 के अंतर्गत आवेदन होगा।

**?? लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# मध्यप्रदेश में हो रहा है बहनों का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बहनों का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण हो रहा है। एक समय था जब यहाँ परिवार में कन्या को बोझ माना जाता था, आज वह वरदान हो गई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना ने प्रदेश की 44 लाख 90 हजार कन्याओं को लखपति बनाया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गरीब कन्याओं का विवाह सरकार करवाती है। स्थानीय निकायों के निर्वाचन में बहनों को मिले 50 प्रतिशत आरक्षण से वे राजनीतिक रूप से सशक्त हुई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगी। बहनों को स्टांप शुल्क में छूट के प्रावधान से आज 45 प्रतिशत जमीन बहनों के नाम हो रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंदसौर जिले के सीतामऊ में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने जिले के जवानपुरा में 2,374 करो? रूपये की लागत वाली ÷कयामपुर-सीतामऊ÷ दाबयुक्त वृहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का विधिवत भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टोडरमल जी के जन्म-दिन पर ऐच्छिक अवकाश, नाहरग? को नगर पंचायत बनाने और कयामपुर को तहसील बनाये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान-2 में 16 मई से गाँव-गाँव और वार्ड-वार्ड शिविर लगेंगे, जिनमें जनता को 67 प्रकार की सेवाओं का मौके पर लाभ मिलेगा। उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रशासन को निर्देश दिए कि अभियान में प्राप्त आवेदनों और सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का 15 मई तक निराकरण कर दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आजकल कुछ लोग नकली योजनाएँ बना कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जनता ऐसे ठगों से दूर रहे तथा उनके झाँसे में न आए। पिछली सरकार ने कर्ज माफी के नाम पर किसानों को डिफॉल्टर बना दिया। हमारी सरकार उनके ब्याज की राशि भर रही है, जिससे उन्हें सरकार की जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना का लाभ मिल सके। किसानों का ब्याज माफ करने के लिए 14 मई से फॉर्म भरे जाएंगे। इस योजना के लिए सरकार ने बजट में 2400 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर गरीब को रहने के लिए जमीन का पट्टा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में अभी तक प्रदेश में 60 से 70 हजार पट्टे बाँटे जा चुके हैं। इसके लिए सरकारी जमीन के अलावा निजी जमीन खरीद कर दिए जाने की भी व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में गरीबों को निःशुल्क राशन, मकान, दवाई, गैस कनेक्शन आदि दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर बच्चे की पढ़ाई की राह आसान की गई है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। सरकार उच्च शिक्षा की फीस भी भरवा रही है। प्रदेश में अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू कर दी गई है। सरकारी स्कूलों के बच्चे मेडिकल कॉलेज में जा सकें, इसके लिए मेडिकल कॉलेज में शासकीय स्कूलों के बच्चों के लिये 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित किए जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार बेरोजगारी भत्ते का लॉलीपॉप न देकर हर हाथ को रोजगार मिल सके, ऐसी व्यवस्था कर रही है। प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया 15 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। युवाओं को कौशल विकास के साथ ही रोजगार भी मिल सके इसके लिए मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना जून माह से शुरू होगी, जिसमें प्रतिमाह 8 हजार रूपये मानदेय दिया जाएगा। हमारा नारा है कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज 2374 करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन हुआ है। इससे मंदसौर क्षेत्र की 3 लाख एकड़ जमीन में सिंचाई होगी। गांधी सागर बांध का पानी जिले के एक-एक खेत में पहुँचेगा। चौतरफा प्रगति और विकास हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनता की जिंदगी बदलने का अभियान चल रहा है। सरकार को किसान, गरीब, कारीगर, नौजवान सब की चिंता है। प्रदेश में नई संस्कृति का दौर शुरू हो रहा है, जिसमें जनता और सरकार मिल कर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक गाँव में लाड़ली बहना सेना बनाने पर जोर दिया, जो महिला संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करेगी। उन्होंने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय की राशि देने की घोषणा की, जो पिछली सरकार ने रोक ली थी। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि हर पवित्र काम में बहनों की जरूरत होती है। आज महत्वपूर्ण परियोजना प्रदान कर कई वर्षों की साधना पूर्ण हुई है। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में व्यापक वृद्धि हुई है। वर्तमान में 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है, इसे ब?ाने के लिये नई परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में चहुँमुखी विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज 2374 करोड़ रूपये की कयामपुर-सीतामऊ दाबयुक्त वृहद सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया है। परियोजना से जिले के 252 ग्रामों की 1 लाख 12 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इससे आसपास के 1 लाख 49 हजार 300 हितग्राही लाभान्वित होंगे। इस क्षेत्र के लोगों ने जो सपना देखा था, वह आज पूर्ण हो रहा है। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि आज मुझे माँ, बहन और बेटियों का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला है। चंबल का पानी घर एवं खेतों तक आया है और वर्षों का सपना पूरा हुआ है। सम्मेलन में जन-प्रतिनिधि, किसान और ब?ी संख्या में बहनें उपस्थित थी।



### बंजारा समाज के आराध्य देव रूपसिंह महाराज की मूर्ति का अनावरण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेलखेड़ा में बंजारा समाज के आराध्य देव रूपसिंह महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। अष्टधातु से निर्मित यह मूर्ति जयपुर में तैयार की गई है, जो 8 फीट की है। मूर्ति अनावरण के बाद मुख्यमंत्री ने मेलखेड़ा के स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित बंजारा समाज और आमजन को संबोधित भी किया।

## विश्व प्रसिध्द स्थली सांची एवं बेरखेडी चौराहा में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा



तथागत गौतम बुद्ध की 2567 वीं त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा विश्व प्रसिध्द स्थली सांची के चैत्य भूमि महाविहार में दूर दराज से आये हुए उपासक ओर उपासिकाओं के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की वंदना कर मनाई गई एवं बेरखेड़ी चौराहा के पंचशील बुद्ध विहार पर भी बुद्ध पूर्णिमा पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई इस अवसर पर मुकेश बौद्ध (राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के आईटी सेल प्रभारी) के द्वारा बताया गया कि आज का दिन



बहुत ही पावन है सिद्धार्थ गौतम के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख की पूर्णिमा को हुई हैं जिसमें पहला है सिद्धार्थ गौतम का जन्म लुंबिनी वन में हुआ ,दूसरी घटना सिद्धार्थ गौतम को बोधगया में ज्ञान प्राप्त हुआ ,तीसरी घटना तथागत सम्यक संबुद्ध का महापरिनिर्वाण वैशाखी पूर्णिमा को हुआ ,इसीलिए वैशाख पूर्णिमा को त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है इस अवसर पर गजराज सूर्यवंशी जिला सह संयोजक भीम आर्मी,रमेश बौद्ध अध्यक्ष पंचशील बुद्ध विहार बेरखे?ी, वृन्दावन लाल अहिरवार कोषाध्यक्ष,प्रेम सिंह अहिरवार,कमल सिंह बौद्ध संरक्षक,भवानी लाल जाटव जनपद सदस्य,मनोज बौद्ध,राकेश बौद्ध, भूरिया बौद्ध ,राधा बौद्ध,शिवानी बौद्ध महिला समिति के कार्यकर्ता एवं एवं उपासक ,उपासिकाएँ उपस्थित रहे।



# भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर कराई गई शादी संपन्न










**उदयपुरा।** 10 मई 2023 दिन बुधवार को नगर उदयपुरा में ऐतिहासिक शादी समारोह का आयोजन किया गया। सौ.का. माया (हरू) सुपुत्री श्री रमन सिंह जी नरवरिया उदयपुरा एवं चि.अरविंद गोलिया(ब्रस्ब्र) सुपुत्र श्री लक्ष्मीराम जी गोलिया बरेली। की ऐतिहासिक शादी समारोह नगर उदयपुरा में संपन्न कराई गई। बहुजन समाज अपने महापुरुषों की ओर बढ़ रही है ऐसा ही मामला नगर उदयपुरा में इस शादी समारोह के दौरान देखने को मिला सबसे पहले बहुजन समाज में जन्मे समस्त महापुरुषों के जीवन पर संक्षिप्त बात रखी गई इसके पश्चात बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी एवं सतगुरु रविदास जी महाराज जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर महापुरुषों को साक्षी मानकर, एवं मुख्य रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर इस शादी समारोह में चार चांद लगाए गए सभी बुद्धिजीवियों द्वारा इस शादी समारोह को हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में बहुजन समाज के लोग एवं रिश्तेदार आए। वर्तमान में जो पीढ़ी चल रही है यदि वह महापुरुषों की विचारधारा को अपने जीवन में ससम्मान पूर्वक उतारेंगे या उनकी विचारधारा पर चलेंगे तब आने वाली पीढ़ी भी महापुरुषों की विचारधारा को तमाम बहुजन समाज में फैलाने का कार्य करेगी। इस विशेष मौके पर माननीय श्री हेमंत नरवरिया जी (राष्ट्रीय संयोजक) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, समाजसेवियों में श्री अतर सिंह भारती जी, श्री रमन बामने जी, श्री वीरेंद्र सिंह महोबिया जी, श्री मन्नू लाल जी चौधरी, श्री गोटी राम जी बघेल, श्री लखन लाल जी गोलिया, श्री हरी सेवक जी केतोघनिया, हल्के वीर जी एवं का कुशल संचालन रमन बामने जी द्वारा किया गया और नवयुगल जोड़े को समस्त बहुजन समाज ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।।

## बुद्ध पूर्णिमा पर कवि सम्मेलन ग्वालटोली नर्मदा पुरम में संपन्न


भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा नदापुरम मध्य प्रदेश द्वारा र्तिगुण पावन पूर्णिमा तथा बुद्ध जयंती के उपलक्ष में समता बुद्ध विहार संजयनगर ग्वालटोली नदापुरम में उत्साह पूर्वक बुद्धपूर्णिमा मनाई गई जिसमें कैंडल मार्च निकाला गया एवं खीर वितरण की तत्पश्चात रात्रि 9ः00 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्याति प्राप्त वरिष्ठ कवि बाबूलाल कदम मुख्य अतिथि दीपक पंचभाई नागपुर तथा संचालन नवीन हरियाली युवा कवि एवं आभार व्यक्त नामदेव बरखेड़ा द्वारा किया गया मंचासीन कवियों ने बुद्ध एवं बाबासाहेब आंबेडकर तथा बहुजन महापुरुषों के संदेशों पर अपनी कविताएं सुनाकर श्रोताओं से वाही वाही लूटी ।मंचासीन कवि यशवंतराव नागले, नारायण अहिरवार अंशु कवि ,नवीन रावत, बाबूलाल कदम , नवीन हरियाले , रामेश्वर मेहरा जी एवं मधु धुरमाडे ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मुग्ध कर दिया। तत्पश्चात बुध महा सभा समिति द्वारा कवियों एवं समाजसेवियों का सम्मान जिसमें स्मृति चिन्ह एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य संतोष रणवीर, योगेश्वर सोनकुअर, लोकनाथ नयोरे,संतोष इंगले, संजय कामले,पवन खिलारे , श्रीमती मीनाक्षी खंदारे, प्रकाश इंगले,नयन वावले, कुंडल पठारे , सत्यभामे चराठे आदि कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजक श्री नामदेव वानखेड़े ने समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# अहिरवार समाज के सामाजिक लोगों ने तय किया जो वीर मनीराम अहिरवार को शहीद सम्मान देगा उसी पार्टी का समर्थन करेंगे'

**गाडरवारा।** मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी जो कि स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन सन 19 42 के क्रांतिकारी आंदोलन में चीचली नगर के गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जू देव के राजमहल की धरोहर को बचाने और अंग्रेजी सेना से युद्ध लड़कर उन्हें गांव से खदेड़ने वाले महान क्रांतिकारी वीर सपूत मनीराम को देश में आजादी का अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ मनाने के पश्चात भी किसी भी राजनैतिक दलों ने अनुसूचित जाति के अहिरवार समाज के क्रांतिकारी को न सम्मान दिया गया और न ही उनके जन्म स्थान चीचली में स्मारक बनाया। वीर शहीद मनीराम जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया मांग करते आ रहे है। लेकिन न कांग्रेस से ध्यान दिया तथा न ही भाजपा ने उन्हें सम्मान देने का साहस किया। सभी पद व सरकार बनाने के बाद भूल करते आ रहे है। अहिरवार समाज नरसिंहपुर जिले व नर्मदापुरम जिला सहित अन्य जिलों की समाज में खास तौर पर नाराजगी जताई जा रही है है कि हमारे वर्ग के महान सेनानियों व शहीद हुए वीरों का समान न करना जातिवाद वाली मानसिकता प्रतीत हो रही है। नरसिंहपुर के समस्त अनुसूचित जाति की अहिरवार, जाटव, चौधरी, और सभी रविदास वंशीय समाज के बुद्धिजीवियों ने निर्णय लिया है कि जो भी दल हमारे वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा देगा और शहीद परिवार जनों को सम्मान देगी। उसी राजनैतिक पार्टी का विधानसभा चुनाव 2023 में समर्थन किया जायेगा। अनुसूचित जाति वर्ग के




अलावा अन्य वर्ग के सामाजिक संगठनों व गणमान्य लोगों ने अपील की है कि आजादी के लिए अंग्रेजों को धूल चटाने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने हेतु पुरजोर मांग की गई है। जो वीर मनीराम जी को सम्मान देगा, अहिरवार समाज व रविदासी समाज उनका साथ देगा।



# वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया का म. प्र. कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व सांसद श्री जे. पी. अग्रवाल ने किया सम्मानित

**गाडरवारा।** जिला नरसिंहपुर अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार संघर्ष समिति मध्यप्रदेश के संस्थापक व अध्यक्ष मूलचन्द मेधोनिया जिनके दादा जी जो कि स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी सेना को परास्त कर चीचली गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जू देव के राजमहल की धरोहर के लिए सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर भारत छोड़ो आन्दोलन में योगदान देने वाले वीर मनीराम अहिरवार जी के उत्तराधिकारी सुपौत्र है। जिन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं पूर्व सांसद श्री जयप्रकाश अग्रवाल जी ने विगत दिनों दिल्ली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अकबर रोड स्थित कार्यालय में संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति के नेताओं का प्रतिनिधी मंडल ने कांग्रेस के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम जी अहिरवार को शहीद दर्जा दिलाने के सन्दर्भ में मांग पत्र दिया। फाउंडेशन ने और विभिन्न जातियों व सामाजिक संगठनों की मांग तथा आवश्यक दस्तावेज सौंपते हुए। बताया गया कि अनुसूचित जाति के मध्यप्रदेश के एकमात्र शहीद वीर मनीराम जी हुए हैं। जिन्हें शहीद घोषित न होने से सामाजिक लोगों में निरंतर नाराजगी रहती है। स्मरणीय हो कि जिला नरसिंहपुर कांग्रेस संगठन को अंग्रेजों के आजादी के आन्दोलन करने पर रोक लगा दी गई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को नजरबंद कर लिए गए थे। चीचली गोंड राजमहल को लूटने और कब्जा करने के उद्देश्य से 23 अगस्त 19 42 को अंग्रेजी सेना के सैनिक आकर महल को लूटना चाहते थे। जिन पर पत्थरों से हमला कर उन्हें घायल कर गांव से खदेड़ देने वाले क्रांतिकारी वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी थे। जिन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली कार्यालय में श्री जे. पी. अग्रवाल जी ने साल भेंट कर सम्मानित किया। तथा आश्वासन दिया है कि कांग्रेस की सरकार मध्यप्रदेश में बनने पर वीर शहीद मनीराम जी को शहीद दर्जा दिया जायेगा तथा उनकी यादगार में स्मारक बना कर परिजनों व उत्तराधिकारी मूलचन्द मेधोनिया का भी कांग्रेस के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। श्री अग्रवाल जी ने उक्त सम्बन्ध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी श्री राजीव सिंह जी से भी मोबाइल पर सम्पर्क कर वीर शहीद मनीराम जी को कांग्रेस वचन पत्र 2023 में नाम शामिल कराने हेतु कहा है।

## मजदूर दिवस को ही विलुप्त करने में लगा है शासन- विक्रमा सिंह



कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

अनूपपुर - आज मजदूर दिवस को ही विलुप्त करने में लगा है शासन प्रशासन उत्काश्य का वक्तव्य विक्रमा सिंह प्रदेश सचिव इंटक,मध्यप्रदेश ने बिजुरी कालरी में आयोजित मजदूर दिवस के अवसर पर दिया है । श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में लेबर इस्पेक्टर पदस्थ है लेकिन आज के दिन में पुरे जिले में निर्माण मजदूर काम करते देखे जा रहे है। संबधित अधिकारी का दायित्व बनाता है कि आज के दिन तो कम से कम सामुहिक रूप से मजदूर अपने कल्याण ,जागरूकता कौशल विकास पर फिक्रमंद होकर उत्सव उत्साह समारोह में में शामिल हो सके । यह दिन विश्व के मजदूरों के लिये अमूल्य दिन है । जो मजदूर शोषण के विरूध एक जुटता के साथ ल?कर प्राप्त हुआ है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शंखधर त्रिपाठी ने कहा कि हमारे मजदूर पुर्वजो ने अपनी शहादत से आज का मजदूर दिवस प्राप्त किया है । आज के दिन मजदूरों के त्यौहार के रूप में मनाये जाने की अवश्यकता है । जो आज प्रदेश इंटक के बैनर तले यहॉ मजदूरों को सम्मानित और उत्साहित करने का सराहनीय हुआ है । कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुये बालेन्द्र सिंह ने कहा कि इंटक प्रदेश अध्यक्ष श्री आर.डी.त्रिपाठी जी के मंशानुसार मजदरों के साथ ख?ी है और समय समय पर आगे मजूदर हीत में कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी । अस अवसर पर भीम सेन गौड,उमाशंकर यादव, राधेश्याम ,राजेश पाण्डेय, बृजेश मिश्रा पप्पु ,रामनरेश महरा, रामबहोर जयसवाल,नानदाउ, तेजभान सिंह,छोटेलाल सिंह,भुपेन्द्र सिंह,मनोज सोनी, जानकीप्रसाद केवट महेन्द्र प्रताप यादव ,आदि को अंगबस्त्र, फुलमाला, से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर ओमप्रकश त्रिपाठी ,सोनू सिंह , मुसाफिर शर्मा, योगेन्द्द केवट, अनिल कोल,जितेन्द्र पटेल,कोमल कुमार, टीकाराम यादव, अखिलेश यादव, पिंटू सिंह,भीम सिंह, आदि शामिल रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन इंटक नेता समेश यादव एवं अशोक तिवारी ने संयुक्त रूप से किया ।

# पक्षियों के संरक्षण में युवाओं का सराहनीय प्रयास- कमिश्नर राजीव शर्मा

### युवाओं की टोली ने कमिश्नर राजीव शर्मा को भेंट किया सकोरा





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए क?ा संघर्ष करना प?ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से उमरिया जिले के सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया ने पक्षियों के लिए कदम बढ़ाया है। इसी उद्देश्य के साथ शहडोल संभाग कमिश्नर राजीव शर्मा को सकोरा भेंट किया। कमिश्नर राजीव शर्मा ने कहा कि युवा टीम उमरिया युवाओं की टोली का यह अत्यंत सराहनीय प्रयास है। युवाओं के इस प्रयास में हम सभी को अपनी सहभागिता निभाकर पक्षियों के लिए सकोरे बांधने चाहिए जिससे विलुप्त हो रहे पक्षियों का संरक्षण हो सके। कमिश्नर शर्मा ने कहा इस पुनीत कार्य के लिए लोगो को जागृत करने व परिवार के साथ पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लें इससे पुण्य तो मिलेगा ही साथ ही लोग पक्षियों की जान बचाने के लिए आगे आएंगे।ऐसे में हमारी यह जिम्मेदारी ही नही अपितु कर्तव्य भी है कि हम पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने मानव धर्म का निर्वहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि इस गर्मी में आम जनता और राहगीर प्रभावित हो रहे है,ऐसे में मूक पशु पक्षी दाना पानी के लिए परेशान होते हैं। हर साल की तरह इस साल भी पक्षियों के लिए पानी के सकोरे पेडों पर बांधे है। जिसकी शुरुआत विगत दिनों से की गई है। युवा टीम ने जिलेभर में दो हाजार सकोरे बांधने व वितरण करने का संकल्प लिया है।उन्होंने कहा कि गर्मी के चार महीने हम उनके लिए अपने घर और आसपास दाना-पानी की व्यवस्था कर दें, तो इससे ब?ा पुण्य का और कोई दूसरा काम नहीं होगा। सकोरा भेंट करते दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह, सुनील प्रजापति, स्वाति दुबे, माया सिंह एवं सभी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत ,लाड़ली बेटियों को सम्मान किया गया

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)।** अनूपपुर/डोला - कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ,श्री रामप्रकाश श्रीवास्तव जी लेखापाल के अध्यक्षता में ला?ली लक्ष्मी उत्सव का सफल आयोजन किया गया ,जिसमे नगर परिषद डोला,नगर प्रथम महिला अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल जी ,एवम उपाध्यक्ष श्री रविशंकर तिवारी जी के करकमलों द्वारा लाडली लक्ष्मी बालिकाओ का सम्मान एवम कन्यापूजन , वृक्षारोपण ,,व नृत्य ,गायन इत्यादि कार्यक्रम किया गया। जिसमे सभी सम्मानीय पार्षदगण,आंगनबा?ी की समस्त कार्यकर्ता ,अंत्योदय समिति के सदस्य श्री राजधर दुबे जी क्क्क सम्मानीय बीजेपी बूथ अध्यक्ष एवम समस्त नगरवासियों के उपस्थित में स?ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक यूडी कंजरकर बहेराबांध उपक्षेत्र के प्रांगण में विराजमान काली मंदिर की पूजा अर्चना कर माँ काली का आशीर्वाद लिए

### वीरेंद्र कुमार गुप्ता (युवाप्रदेश)

अनूपपुर - हसदेव क्षेत्र के बहेराबांध उपक्षेत्र के सबेरिया प्रशांत शर्मा जी के नेतृत्व में आज मंगलवार को करीब दो बजे हसदेव क्षेत्र के बहेराबांध उपक्षेत्र प्रांगण में यूडी कंजरकर मुख्य महाप्रबंधक हसदेव के द्वारा माई की बगिया स्थित मा भगवती महा काली की पूजा अर्चना की , जीएम कंजरकर ने उपस्थित स्थानीय व एरिया से आए अधिकारियों ,यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा सभी के अथक प्रयास से हसदेव क्षेत्र में कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा हुआ सभी बधाई के पात्र है एरिया मे राजनगर ,झिरिया खदान शुरू की गई है , सभी का बेहतर सहयोग मिला जिससे हम सब लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सके



# आखिर बिजुरी वनपरिक्षेत्र मे वन्य प्नाणियो की सुरक्षा व्यवस्था में बार बार चूक कैसे क्यों विभाग लापरवाह!

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)।** कोतमाङ्क्वनमंड़ल अनूपपुर के वनपरिक्षेत्र अंतर्गत तीसरी बार वन्यप्नाणी चीतल होने की पुष्टि हुई इससे साफ तौर पर प्नतीत होता है कि बिजुरी वनपरिक्षेत्र के वनो में वन्य जीव चीतल सहित अन्य वन्य जीव भी निवास करते है? ज्ञातव्य हो कि इससे पहले भी नगर के भीतर पहले कपिलधारा कालोनी के भीतर लगभग 9,10 वर्ष की मादा चीतल नाला में मिला था जिसे कुत्तो ने नोच मार डाला रहा, जिसकी वजह से मौत होने की पुष्टि वनपरिक्षेत्र बिजुरी द्वारा किया गया रहा? उसके 1,2 माह बाद फिर एक नर एवं एक मादा चीतल बिजुरी के मुख्य बाजार के अंदर नगर के घने वार्ड के भीतर होने की बात सामने आया रहा? जिनकी भी मौत होने का कारण वनपरिक्षेत्र बिजुरी द्वारा कुत्तों के काटे जाना दर्शाया गया? और एक बार फिर बिजुरी नगर के माईनस कॉलोनी स्थित डबल स्टोरी तक भटक कर चीतल पहुँच गया? जिसके बारे में कालोनी वासियो ने वनविभाग बिजुरी को सूचना देते हुये चीतल को पकड़ लिया? जानकारी होने के बाद वन अमले द्वारा मौका स्थल पर पहुँच कर चीतल को अपने कब्जे में ले लिया गया? हालांकि इस बार वन्य प्नाणी चीतल की हताहत होने की खबर नहीं मिली? लेकिन इतने बार के खबर से यह साफ स्पष्ट होता है कि बिजुरी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत वन्यप्नाणी है जिनकी सुरक्षा व्यवस्था होना जरुरी है? बिजुरी वनपरिक्षेत्र बड़े पैमाने पर फैला हुआ है जो छत्तीसगढ़ वन परिक्षेत्र से भी जुड़ा हुआ है? परन्तु सोचने का विषय है कि इतनी बार वन्य प्नाणियो की पुष्टि होने बावजूद वन परिक्षेत्राधिकारी इनके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरा भी चिंतित समझ नहीं आती? अगर इसी तरह वन्यप्नाणी रहवासी क्षेत्रों तक पहुँचेंगे तब क्या होगा? जिसके लिए विभाग के आलाधिकारियो सहित स्थानीय नेताओ को चाहिये कि वन्यप्नाणियो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ाई से पहल करें ताकि वनो के धरोहर वन्यजीव सुरक्षित रहे?

वन्यप्नाणियो की क्या हो रही तस्करी या भीतर घुस काटे जा रहे वन, आखिर बार बार भटक रहवासी क्षेत्रों तक कैसे पहुँच रहे वन्यजीव

गौर करने का विषय यह भी है कि आखिर वन्यप्नाणी चीतल बार बार रहवासी क्षेत्रों तक पहुँच कैसे रहे क्या किसी के द्वारा जंगल से इन्हें खदेड़ा जा रहा या कहीं तस्करी तो नहीं हो रही या फिर जंगल के भीतर वनो की अंधाधुध कटाई तो नही चल रही? और अगर ऐसा होगा तो इसके पीछे कौन हो सकता है तथा इसमें किसकी भूमिका अहम रूप में होगी? देखा जाय तो अब यह विषय अहम तौर पर बड़े जांच का विषय है? जिसकी समीक्षा और जिम्मेदारों पर कार्यवाही जरुरी है?



## वनो एवं वन्यजीवो को लेकर शासन गम्भीर बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह क्यों

ज्ञातव्य हो कि एक तरफ मौजूदा सरकार वनो एवं वन के धरोहर कहे व माने जाने वाले वन्यप्नाणियो को सहेजकर रखे जाने के लिये कई योजनाओं को लेकर कार्य कर रही जिनके बचाव में शासन गम्भीर होकर हर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कई करोड़ रुपये खर्च भी किया और अब भी कर रही है? ताकि वन्यजीवो को बेहतर व्यवस्था वन के भीतर मिल सके, जिससे कोई भी वन्यजीव रहवासी क्षेत्रों में ना पहुँचने पाये? बावजूद इसके अनूपपुर जिले के बिजुरी वनपरिक्षेत्र में ऐसा दिखता नजर नहीं आता? मानो इस वनपरिक्षेत्र के सुरक्षा के जिम्मेदार को शासन के नीति रीति से कोई मतलब ही नहीं? वहीं सूत्रों का ऐसा मानना है कि बिजुरी वन परिक्षेत्र में वर्तमान समय में पदस्थ वन परिक्षेत्राधिकारी के अब तक के कार्यकाल में हुये सभी शासकीय कार्ययोजनाओं की कड़ाई पूर्वक सूक्ष्मता से जाँच होने की आवश्यकता है जिससे इस वनपरिक्षेत्र में हुये समस्त प्नकार के शासकीय कार्यो की स्पष्टता सबके समक्ष आ सके? जिससे इस वनपरिक्षेत्र में तीन वर्ष में पदस्थ रेंजर के रहते कितने तरह के शासकीय कार्य किन किन स्थलों में कितने जगह पर कौन कौन से और कितने कितने राशि के और किस मद के तहत हुये और हो रहे इसका सभी को पता चलना चाहिए?

# कोतमा पुलिस के द्वारा अवैध शराब का परिवहन करते सफारी वाहन सहित

## 91.2 ली. अवैध शराब जप्त, वाहन सहित कुल कीमत 16,02,778/-रु0

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर - पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चालया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अवैध शराब का परिवहन एवं विक्रय के संबंध में निरंतर प्राप्त हो रही षिकयतों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। इसी अनुक्रम में दिनांक 01.05.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टाटा सफारी चार पहिया वाहन जिसमें काली फिल्म लगी है केषवाही से कोतमा की ओर भारी मात्रा में अवैध शराब लोड कर बेचने के लिए ला रहा है। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुये अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल एवं थाना प्रभारी कोतमा निरी.अजय बैगा के नेतृत्व में विषेष टीमें गठित कर सूचना की तस्दीक करने हेतु निर्देषित किया गया है। गठित विषेष टीम के द्वारा उक्त सफेद रंग की टाटा सफारी वाहन का



पीछा करते हुए जुनहा टोला ग्राम पथरौडी पहुँच कर वाहन चालक उक्त सफारी वाहन क्र0 सीजी 16बी 3011 को

राजकुमार सिंह के खलिहान में ख?ा कर वाहन छो? कर भाग गया। वाहन की तलाषी लेने पर वाहन के पीछे हिस्से में 11 खाकी रंग के कार्टून मौजूद थें, जिसमें खोल कर देखने पर सभी कार्टून में कुल 91.2 ली अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 1,02,778/- रुपये एवं अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त सफारी वाहन की कीमत 15 लाख रुपये कुल मषरुका 16,02,778/-रु. को पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है। उक्त घटना पर थाना कोतमा में अवैध शराब का परिवहन करने पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी की तलाष एवं अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त सफारी वाहन के मालिक के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही हैं। नषें के विरुद्ध की गई इस प्रभावी कार्यवाही से शराब के अवैध कारोबार में निष्चित रूप से अंकुष लगेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के निर्देषन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय बैगा, उनि. रामेष्वर सिंह, सउनि. सुरेष अहिरवार, आर. 208 कृपाल सिंह एवं अन्य थाना स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। जिले के ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण वर्चुअल रूप से शहडोल जिले के जनपद पंचायत व्यवहारी के ग्राम पंचायत दलको कोठार, सरसी,महादेवा, जनपद पंचायत बुढार के अमहा सहित अन्य जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों एवं नगर में सभी वार्डो में किया गया। मन की बात÷में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में भारतीयों के व्दारा देश को विकसित करने हेतु एक दूसरे के कार्यो से प्रेरणा लेकर अनेकों नवाचार किये है, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण, बेटी बचाओ तथा बेटी पढ़ाओ, जेन्डर रेशियो में सुधार, व्होकल फार लोकल के लिए नवाचार किये जा रहे हैं, मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री को आम आदमी से जुडने, चर्चा तथा पत्राचारो के माध्यम से जुडने तथा उनके विचार जानने का अवसर मिलता है।

# थाना नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा ऑनलाइन द्वस्र लेकर आईपीएल का सट्टा लिखने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई

**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की रिपोर्ट**

जिले के ऊर्जावान पुलिस कप्तान श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भा.पु.से) द्वारा जिले में आते ही अवैध गतिविधियों जुआ , सट्टा, अवैध शराब, अवैध उत्खनन और उनमें संलिप्त अपराधियों पर कठोर कार्यवाही




करने और उनके अवैध कारोबार को ध्वस्त करने के लिए निर्देशित किया है अतरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकमना प्रसाद, एसडीओपी नरसिंहगढ़ श्री उपेंद्र सिंह भाटी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ श्री अवधेश सिंह तोमर की टीम द्वारा ऑनलाइन द्वस्र लेकर सट्टा लिखने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई दिनांक 01/05/23 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की कस्बा नरसिंहगढ़ में ऑनलाइन आईपीएल का सट्टा चल रहा है थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ द्वारा तुरंत



सूचना की पुष्टि करने के लिए टीम गटित कर सट्टा रेड करने के लिए निर्देशित किया टीम द्वारा अपनी गोपनीय सूचना तंत्र से वेरिफाई करने के बाद 02 व्यक्तियों को अलग अलग स्थानों से मय इलेक्ट्रानिक उपकरण मोबाइल और नगदी के गिरफ्तार किया, गिरफतार किए गए व्यक्तियों के नाम मोहन( परिवर्तित नाम) को जयस्तंभ चौक से व कमलेश (परिवर्तित नाम) को बस स्टैंड नरसिंहगढ़ से गिरफ्तार कर इसमें जोड़ों की दोनों आरोपियों के खाते में हजारों का लेनदेन का रिकॉर्ड मिला है जिसकी तस्दीक की जा रही है साथ ही नगदी व मोबाइल फोन जप्त कर प्रथक प्रथक अपराध, अपराध 268/23, 269/23 धारा 4( ) पब्लिक गेंबलिंग (मध्य प्रदेश)एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है दोनो के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है नरसिंहगढ़ के और भी व्यक्तियों की इसमें लिप्त होने की जानकारी मिली है जिसकी जांच चल रही है

# जनता को गुमराह करतीः नगर परिषद बनगवां..?

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)।** बात असल मे यूँ निकल के आयी है कि नगर परिषद बनगवां में छंटनी की गई और ध?ल्ले से जो मस्टर श्रमिक चुप बैठे थे उन्हें इस लॉलीपॉप से मुक्त कर दिया गया। असल मे मामला कुछ यूं है कि विगत दिनों एक लिस्ट जारी कर के नगर परिषद बनगवां में कार्यरत मस्टर रोल श्रमिको को पृथक कर दिया गया। अगर कोरोना काल से ही अगर बात करे तो लगभग 250 कर्मचारियों (मस्टर श्रमिक) को नगर परिषद बनगवां भुगतान कर रहा था। छँटनी होते होते यह आंक?ा पहले डे? सौ पहुँचा और अब जाकर 72 पर सीमित हो चुका है। चौराहों की शोर के हिसाब से पाँच लोगों का राज्यसभा कोटा भी तय है जिसको वाइल्ड कार्ड एंट्री की तरह देखा जा रहा। फिर भी आइए अब आगे की खबरों की बात करते है। क्या नगर परिषद बनगवां में भर्ती घोटाला पार्ट 2 की साजिश तो नहीं? आखिर क्यों दिया गया 98 का लॉलीपॉप?

नगर परिषद बनने के पश्चात पूरे प्रदेश भर में सबसे बड़े भ्रष्टाचार; संविलियन भर्ती घोटाला ने अपनी नींव रखी जिसकी परत दर परत खुलते हमने देखा है। नगर परिषद बनगवां शायद वह प्रथम परिषद होगी, जिसकी शुरुआत ही भर्ती घोटाले से हुई जो आज न्यायालय में विचाराधीन है। बताया जाता है कि नगर परिषद बनगवां के अंतर्गत संविलियन भर्ती घोटाले की शुरुआत, अवैध तरीके से नगर परिषद में 74 कर्मचारियों को संविलियन करा कर किया गया था जिसके लिए नगर के युवा वर्ग कई आंदोलन कई धरने भी किये। ब?ते कालक्रम में , आयुक्त, नागरिक प्रशासन भोपाल. द्वारा जांच में यह पाया भी गया था कि संविलियन किए गए सारे कर्मचारी, नगर परिषद के वास्तविक कर्मचारी नहीं थे। उक्त जांच के उपरांत जिला चयन समिति के तमाम अधिकारियों के ऊपर रिकवरी का पत्र भी दिया गया जो यह पुष्टि करता है कि कुछ दाल में काला है।

## सामग्री क्रय एवं निर्माण कार्य में लगी जांच

धीरे धीरे संविलियन भर्ती घोटाले को शांत कराने के लिए नगर परिषद बनगवां में नया घोटाला किया गया। सामग्री क्रय घोटाला। संविलियन भर्ती घोटाले को शांत कराने की जुगत के बीच नगर परिषद बनगवा के इन्ही नागरिकों के सामने, निर्माण एवं जेम पोर्टल की खरीदी में कई अनियमितता भी सामने उभर के आने लगी। नगर परिषद बनगवां राजनगर के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह एवं वार्ड 11 पार्षद विकास प्रताप सिंह, व वार्ड 4 पार्षदपति आशा भीम जायसवाल द्वारा जेम पोर्टल की अनियमितताओ के बारे में आयुक्त शहडोल को पत्र लिखकर अवगत कराया जिसको लेकर जांच प्रक्रिया का भी प्रतिवेदन था। आखिरकार नगर परिषद बनगवां के सीएमओ राजेंद्र कुशवाहा को आयुक्त द्वारा पत्र प्राप्त हो ही गया। पत्र में सीएमओ को स्पष्ट रूप से यह कहा गया कि जैम में की गई खरीदी में अनियमितताएं है एवं तत्कालीन समस्त जैम पोर्टल की खरीदी को निरस्त किया जाता है। जैम की खरीदी को निरस्त करने के उपरांत भोपाल आयुक्त द्वारा चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई जिनका जांच होना प्रगतिशील है।

## आखिर कर्मचारियों को क्यों किया जा रहा है गुमराह?

नगर परिषद बनगवां राजनगर द्वारा मास्टर रोल कर्मचारियों के ऊपर जो गाज गिरी वह दर्द हर एक कर्मचारी के लिए असहनीय था। सभी को उनके समस्याओं के दौर में अलग किया गया। कोई अपने पत्रकार पति को खो चुकी खुद को सम्हालने वाली विधवा थी, तो किसी के पास पृथक होने के आदेश आने से पहले उसकी माँ के कैंसर हो जाने की रिपोर्ट हाथ मे थी। कोयलांचल क्षेत्र होने के नाते प्राइवेट कंपनी यहां आती नहीं एवं रोजगार का कोई और रास्ता नही है। कई मध्यवर्ती परिवार अपना जीवन यापन करने के लिए नगर परिषद बनगवा पर मास्टर रोल श्रमिक के रूप पर कार्यरत थे। आज वे कई सारे नगर परिषद से पृथक किए जा चुके है। नगर परिषद बनगवां के सीएमओ द्वारा एक पत्र का हवाला देते हुए नगर परिषद में मात्र 72 कर्मचारियों जरूरत बताकर पृथककरण की कार्यवाही जारी की गई। प्रथम दृष्ट्या अपने अधिकारो को लड़ने के लिए स्वच्छता कर्मी के 40 लोगों को जगा दिया गया एवं बचे 32 कर्मचारियों को अगले लिस्ट का इंतजार करने के लिए कहा गया। दिनांक 13/04/2023 को नगर परिषद बनगवां के सीएमओ राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा जी द्वारा 27 कर्मचारियों का लिस्ट सार्वजनिक किया गया एवं लिस्ट को देखने के पश्चात चौक चौराहों पर लोग यह चर्चा करने लगे कि यह लिस्ट राजनीतिक रूप से बनाया गया है, क्योंकी 3-4 कर्मचारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष जी के निर्वाचित वार्ड से हैं। गौरतलब हो कि उसी वार्ड के कुछ ऐसे भी कर्मचारी थे




जिन्हें महज कुछ महीने पहले ही ड्यूटी पे रखा गया था बिना किसी योग्यता और आधार जांच कराए। नगर परिषद बनगवा द्वारा कर्मचारियों को रखने के लिए पी आई सी की मंजूरी दी गई थी. मगर निर्वाचित पार्षद (सभापति) को ही नहीं पता था की पी आई सी रजिस्टर में कर्मचारियों के संबंधित मंजूरी का भी प्रस्ताव पारित कर दिया गया। एक तरफ अध्यक्ष का कहना है कि हमने 32 लोगो का पी आई सी के द्वारा प्रस्तावित किया है जबकि दूसरी तरफ उन्ही के सभापतियो को यह नहीं पता कि प्रस्ताव रजिस्टर पर कर्मचारी संबंधित कोई भी प्रस्ताव आया था। बेचारे भोले भाले कर्मचारी अभी भी यह आस लगाए बैठे हुए हैं कि 98 की स्वीकृति के लिये उनके जनप्रतिनिधि लड़ रहे हैं। अब उन्हें कौन बताए कि उनके नेताजी 32 की स्वीकृति पी आई सी रजिस्टर में पहले करके बैठे हुए हैं. कुल मिलाकर खिच?ी बन चुकी है। पीआईसी सदस्यों को पता ही नहीं कि प्रस्ताव भी हुआ है और अध्यक्ष ने प्रस्ताव पारित भी कर दिया है.

## इनका कहना है-

प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा 32 कर्मचारियों का ही प्रस्ताव पारित किया गया है.÷

यशवंत सिंह

अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां राजनगर

÷मुझे ऐसे किसी भी प्रेसिडेंट इन काउंसिल के प्रस्ताव के बारे में जानकारी नहीं है÷

धनंजय सिंह

उपाध्यक्ष नगर परिषद बनगवां

÷प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था एवं पी.आई.सी सदस्यों के द्वारा ही नाम भी दिया गया था÷

राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा

मुख्य नगर परिषद अधिकारी बनगवां

÷मुझे कर्मचारी संबंधित ऐसे किसी भी प्रेसिडेंट इन काउंसिल के प्रस्ताव की जानकारी नहीं है÷

मनोज चंदेल

पार्षद वार्ड क्रमांक 9 एवं सभापति

÷मुझे ऐसे किसी भी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है ÷

पार्वती पनिका

पार्षद वार्ड क्रमांक 1 एवं सभापति

÷सीएमओ का काम ही है सिर्फ आग लगाना मेरे द्वारा ऐसे किसी भी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है÷

समय पटेल

पार्षद वार्ड क्रमांक 12 एवं सभापति

# आलेखः व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं के पीछे दौड़ना, हमारी सनातन ऋषि संस्कृति नहीं है

सबसे प्राचीन और शाश्वत संस्कृति है हमारे पास, एक गौरवशाली इतिहास, अद्भुत ऋषि परम्परा से परिपूर्ण सभ्यता है हमारी। एक ऐसा वैदिक धर्म है जो संपूर्ण प्रकृति और मानवता के लिए दैदीप्यमान और ज्योतिर्गमय है। पर इसे युग प्रभाव कहें या हमारी सामाजिक व्यवस्था का नैतिक पतन, जिसके कारण हम अपनी प्राचीन सनातन संस्कृति को विस्मृत करते जा रहे हैं। भगवान श्री राम के युग और भगवान श्री कृष्ण के युग की महिमा जग प्रसिद्ध है। रामायण और गीता हमारी अमिट संस्कृति के वो साक्ष्य हैं, जो लाख कोशिशों के बाद भी मिटायें नहीं जा सके। लगभग 1200 वर्ष बीत चुके हैं, पृथ्वी की इस पावन भूमि भारत देश में, सनातन संस्कृति और परम्पराओं को ग्रहण लगे हुए। क्या कारण है कि देव संस्कृति की यह भूमि किसी ऋषि श्राप से मुक्त नहीं हो पा रही है। आज 21 वी सदी में उपभोक्तावादी सभ्यता ने हमारी संस्कृति को और अधिक प्रदूषित कर दिया है। हज़ार वर्षो की गुलामी और निष्क्रियता ने भारत कुल को, रघुकुल और भरतवंशी परम्पराओं से विमुख कर दिया है। परंतु हर्ष की बात यह है कि हमारी संस्कृति और सभ्यता इतना कुछ घटने के बावजूद भी सुरक्षित है। विषाद तो सिर्फ इतना सा है कि इन वर्षो में वैज्ञानिक विकास ने हमारे आध्यात्मिक ज्ञान को अदृश्य कर दिया,अब चारों ओर केवल भौतिक सुख सुविधाओं को पाने कि होड़ लगी हुई है। भौतिकता की अंधी दौड़ में प्रकृति संरक्षण और मानव कल्याण पीछे छूट गया है। एक समय आएगा, जब निश्चित ही विश्व कल्याण और उत्थान का मार्ग, हमारी इसी प्राचीन सनातन संस्कृति के द्वार से प्रशस्त होगा। विश्व की सभी शक्तियों को हमारी संस्कृति को पहचानकर, इसे अपनाने के लिए नैतिक रूप से बाध्य होना ही होगा। भारत आने वाले समय में विश्वगुरु बनेगा, इसमें कोई संदेह नहीं, परंतु इसका आरंभ भारत भूमि से हम सभी रघुवंशी एवं भरतवंशियों को मिलकर करना होगा।

# आम आदमी पार्टी ने 20 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के साथ किया कई प्रकोष्ठो का गठन किया

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**



राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक द्वारा जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले के सभी पांचों सीटों पर आम आदमी पार्टी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी इसी क्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए राजगढ़ जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव के नेतृत्व में जिले के 20 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई जिसमें ब्यावरा से डॉ. कन्हैयालाल भारतीय, सुठालिया दीवान सिंह राजपूत , पीपलहेला दीपक गुर्जर , गादिया एडवोकेट दौलतराम विजयपुरिया, नरसिंहगढ़ एडवोकेट आलोक कुमार सोनी, कुरावर फौजी दिनेश चंद्रवंशी, बोडा दिलीप सिंह खींची , तलेन रमेश पुष्पद, सारंगपुर ईश्वर राजपूत , गुलावता मोहन नागर, संडावता अर्जुन राजपूत , पचोर लखन मालवीय, राजगढ़ मनीष मालवीय, कालीपीठ नितेश चौहान, पपडेल बीरम सिंह तोमर, खुजनेर राजेश कुमार बंजारा, खिलचीपुर कुशाल सिंह दांगी, छापीहेड़ा बसंत कुमार नागर , माचलपुर बने सिंह गुर्जर , जीरापुर पंकज गुप्ता सभी ब्लॉक अध्यक्ष के साथ किया कई प्रकोष्ठो का गठन किया जिसमें पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष भारत सिंह कुशवाह, अनुसूचित जाति वर्ग जिलाध्यक्ष मुकेश जाटव , डॉक्टर प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ आशीफ चौधरी, किसान वर्ग प्रकोष्ठ कैलाश दांगी , एजुकेशन प्रकोष्ठ पंकज कौशिक , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एम.ए. अलीम बाबा सदर , व्यापारी प्रकोष्ठ जयशंकर मेहरे सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के साथ साथ कार्यकारणी का गठन किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिले के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की


# लोकेशन बोडाः बोडा सीएमओ ने अज्ञात व्यक्ति पर f.i.r. करने के लिए बोडा थाना प्रभारी को लिखा पत्र

## कोटरी डैम से पेयजल सप्लाई की 90 मीटर केबल को अज्ञात चोरों ने किया चोरी

मुकेश अहिरवार राजगढ़

कोठरी डेम के बिजली खंभों की केबल चोरी होने के कारण बोडा नगर की पेयजल सप्लाई की व्यवस्थाए बाधित हुई आपको बता दे कि नगर परिषद बोडा के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना एवं पेयजल समस्या हमेशा की तरह अकसर सुर्खियों में बनी रहती है कभी भ्रष्टाचार को लेकर तो कभी अनियमितता को लेकर ऐसा ही मामला जल प्रदाय लेकर सामने आया है 40 डिग्री से ऊपर की भीषण गर्मी में समय पर पानी उपलब्ध न होने से बोडा नगरवासी पीने के पानी को लेकर परेशान हो रहे हैं बोडा नगर परिषद ने रियान वाटर सप्लायर के सर पर रखी अपनी जल सेवाओं की जिम्मेदारियां भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए क्या नगर परिषद बोडा को सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम नहीं करने चाहिए थे अगर ऐसा ही चलता रहा तो जून माह में आने वाले समय कई बड़ी घटनाएं भी हो सकती है अति गंभीर विषय यह है कि नगर परिषद बोडा द्वारा लाखो रुपए जल कर के नाम से वसूल किए जाते है क्या तुरंत नई लाइट केबल लगा कर जल प्रदाय चालू नहीं कर सकते है किया रियान वाटर के द्वारा लगभग दो माह से निशुल्क जल प्रदान किया जा रहा है आपको यह भी बता दे कि नगर परिषद के द्वारा पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं से जल कर वसूल किया जा रहा है जबकि यह अधिकार रियान वाटर ठेकेदार द्वारा लिया जाना चाहिए बोडा सीएमओ रामलाल कुशवाह का कहना है कि नगर परिषद बोडा द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ द्धद्धह्न दर्ज करवा दी गई है जल्द ही पेय जल वितरण किया जाएगा रियान वाटर सप्लायर का कहना हैं कि नागरिकों की सेवा के लिए हम सदेव तत्पर है जल सेवा एक बार फिर पुनः सुचारू रूप से भोजन चालू की जाएगी


कार्यालय नगर परिषद बोड़ा जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.



## जिले में अवैध शराब धरपकड़ अभियान के तहत तलेन पुलिस टीम की कार्यवाहीअवैध शराब बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए हाथ भट्टी की कच्ची 60 लीटर शराब किमती 12,000/- रुपये कि जप्त




**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार।** दिनांक 02.05.23 को चौकी प्रभारी इकलेरा को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम बरनावद मे पुलिया के पास कच्ची शराब लिये बैठा है सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस चौकी इकलेरा से टीम गठित कर रवाना की गई । जैसे ही पुलिस टीम ग्राम बरनावद मुखबिर के बताये स्थान पहुंची तो एक व्यक्ति मिला जिसके पास दो स्लेटी रंग कि दो प्लास्टिक की कैनो को हाथ मे पकडे हुए बेठा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस कि उक्त टीम द्वारा पकडा व नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम दुर्गाप्रसाद कुशवाह उम्र 36 साल निवासी ग्राम बरनावद थाना तलेन का होना बताया जिसके कब्जे कि प्लास्टिक कि कैनो के संबंध मे पूछा तो उक्त कैनो मे हाथ भट्टी की कच्ची शराब 30-30 लीटर कुल 60 लीटर होना बताया ।तस्दीक हेतू पंचान एवं हमराह स्टाफ को चेक कराया तो हाथ भट्टी की कच्ची शराब कुल 60 लीटर किमती 12,000 रुपये कि होना पाई गई उक्त व्यक्ति से उक्त शराब रखने व लाने लेजाने के संबंध मे लाइसेंस चाहा तो नही होना बताया उक्त शराब को आरोपी के कब्जे से विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार लिया गया बाद आरोपी को मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया

# पूर्व सरपंच श्री खुशीलाल अहिरवार के सुपुत्र गिरीश 'गगन' के विवाहोत्सव पर जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामनायें दी

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**


गगन अहिरवार खापरखेडा की शादी में पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष श्री रमेश बामने एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री मूलचंद मेधोनिया


गगन अहिरवार को आशीर्वाद प्रदान करते हुए विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, एवं गणमान्य जन

खापरखेडा (पिपरिया) अहिरवार समाज के सक्रिय समाजसेवी एवं खापरखेडा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्री खुशीलाल अहिरवार के ज्येष्ठ पुत्र चिरंजीवि गिरीश (गगन) के विवाहोत्सव समारोह निज निवास खापरखेडा पिपरिया विधानसभा जिला नर्मदापुरम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं पत्रकार सहित स्वजन सम्बन्धियों ने शादी समारोह में शामिल होकर पूर्व सरपंच श्री खुशीलाल अहिरवार को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रदान की। बधाई और शुभकामनाएं देने पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, डब्बू सरदार बीजेपी वरिष्ठ नेता, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं अहिरवार समाज संगठन के अध्यक्ष श्री रमेश बामने, मनोज बामने, वरिष्ठ पत्रकार श्री मूलचंद मेधोनिया, गृह मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल के श्री महेश अहिरवार, मनोज अहिरवार, सहित समाज के गणमान्य जन उनके निवास पर पहुंचकर चिरंजीवि गगन को शुभकामनाएं दीं। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के अनेकों वरिष्ठ नेता और सामाजिक सेवक लोगों ने बधाई प्रदान की। जय गुरु देव नशामुक्ति के गुरु भाईयों ने भी शादी में विशेष तौर पर पहुंच कर चिरंजीवि गगन को बधाई दी। आज निज निवास खापरखेडा पिपरिया से शाम 4 बजे ग्राम अठठ्यास के लिए बरात प्रस्थान करेंगी। जिसमें पिपरिया विधानसभा और जिला नर्मदापुरम के अनेकों सामाजिक नागरिकों व जनप्रतिनिधियों के विवाहोत्सव समारोह में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने अठठ्यासा विधानसभा तेन्दूखेडा जिला नरसिंहपुर शामिल होने पहूँच रहे हैं। वहां नव युगलों के दाम्पत्य जीवन सुखमय हो व उन्हें मंगलकामनाएं देने हेतु वरिष्ठ जन पहूंच रहे हैं।

# शहर की सड़कों के साथ गलियां भी अतिक्रमण की शिकार मीट मार्केट यथावत,लोगों की भावनाओं को पहुंच रही ठेस

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर । लगभग 20 वर्षों बाद भी अनूपपुर जिला मुख्यालय सा देखने में प्रतीत नहीं हो रहा।इस 20 वर्षों के दौरान कई कलेक्टर एवं सीएमओ परिवर्तित हो गए लेकिन जिला मुख्यालय का शहर अतिक्रमणकारियों एवं मीट मार्केट के चलते अपने अस्तित्व को आज तक नहीं पाया। जिले में नवागंतुक कलेक्टर आशीष वशिष्ठ से एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा से काफी उम्मीदें हैं कि आने वाले दिनों में शहर की फिजा बदलेगी एवं शहर जिला मुख्यालय सा प्रतीत होने लगेगा।आज बाहर से आने जाने वाले लोगों के मन मस्तिष्क में अनूपपुर जिला को लेकर तमाम तरह की विसंगतियां हैं।20 वर्ष बाद भी शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को अनूपपुर जिला सा प्रतीत नहीं हो रहा। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित टीएल बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से समीक्षा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया था।जिसमें अनूपपुर के मीट मार्केट सहित उत्कृष्ट विद्यालय के बाउंड्री वॉल से लगे अतिक्रमण एवं जिले भर के अन्य अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे।नगरपालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा ने कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की और उसके अच्छे परिणाम सामने आए। लेकिन देखा जा रहा है कि अतिक्रमण कारी अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे।वही टीएल बैठक में कलेक्टर के निर्देश थे कि मीट मार्केट को शिफ्ट करने के निर्देश एसडीएम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए थे।जिसमें कलेक्टर ने कहा था कि अनूपपुर स्थित सब्जी बाजार के निकट लगने वाले मीट मार्केट को नगर पालिका द्वारा बनाए नए मीट मार्केट में शिफ्ट कर दिया जाए।इसके निर्देश टीएल बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा एसडीएम तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए गए थे।उन्होंने कहा कि नवीन मीट मार्केट के आवश्यक निर्माण कार्य को शिफ्टिंग के पश्चात करा लिया जाए।लेकिन देखा जा रहा है कि मीट मार्केट अभी भी सब्जी मंडी में संचालित हो रहा है।नगर पालिका द्वारा कई बार मीट मार्केट को हटाया गया।लेकिन मीट बेचने वाले फिर से सब्जी मंडी के पास मीट बेचना प्रारंभ कर दिए।

# गायत्री मंदिर परिसर में बैठे एन एचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मी

**डिंडौरी।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवाधर को चौथे दिन भी जारी रही। जिले में कार्यरत 350 संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के ह?ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सुविधाएं ल?ख?ा गई है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा लगातार अपनी विधिसम्मत मांगों को शासन के समक्ष रखा जा रहा है। इसके बाद भी अभी तक इसका कोई भी निष्कर्ष नहीं निकल पा रहा है। प्रदेश के 32 हजार कर्मचारियों व उनके परिवारों में भारी असंतोष व रोष व्याप्त है।



## इन मांगों को लेकर हडताल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी व कर्मचारियों को नियमित किया जाए। जब तक नियमितिकरण नहीं हो पाता है तब तक 5 जून 2018 की मप्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पारित की गई नीति तत्काल प्रभाव से लागू की जाए एचबी को स्वाक्षकैडर के तहत नियमित किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से हटाकर आउटसोर्स प्रथा में किए गए सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों की पुनः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में मर्ज किया जाए।

# संभाग में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु संभाग के 10 राजस्व अधिकारियों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया



**रोहित तिवारी (शहडोल)।** शहडोल ! कमिश्नर कार्यालय शहडोल के सभागार में आज मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण की तैयारी एवं राजस्व न्यायालय कार्यप्रणाली पर आयोजित कार्यशाला में आज कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा एवं एडीजी डीसी सागर द्वारा संभाग में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु संभाग के 10 राजस्व अधिकारियों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया ! जिसमें अभिषेक चौधरी अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे, तहसीलदार दीपक पटेल, अभयानंद शर्मा, रमेश परमार, आशीष चतुर्वेदी, सतीश सोनी, अलोक गौतम, पंकज नयन तिवारी के नाम शामिल है ! इस मौके पर कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व अधिकारी बनना ब? सौभाग्य की बात है उन्होंने कहा कि जब उप ग्रहों के द्वारा जमीन की खोज की जा रही हो और वह जमीन जिसका अधिकार आपके पास है यह ब?ी बात है ! उन्होंने कहा कि शासकीय उपयोग हेतु शासकीय भूमि को उपलब्ध कराना उस स्थान एवं जिले के विकास में सहभागी है !

# जिले के 960 बूथों पर सूनी गई प्रधानमंत्री श्री मोदी की 100 वी मन की बात

**रोहित तिवारी (शहडोल) शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह के निर्देशन पर रविवार को शहडोल जिले के सभी 960 बूथों पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वे एपिसोड को भाजपा जनों सहितपार्टी के नेता और कार्यकर्ता समाज के प्रबुद्धजनों, खिला?ियों, स्वच्छता कर्मियों, कलाकारों, अग्रणी किसानों, रचनात्मक काम करने वालों तथा आम नागरिकों के साथ मन की बात कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ सुना गया। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया की इसी के तहत जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र ग्राम कोटमा अंतर्गत बूथ क्रमांक 212 भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात के100 वें एपिसोड का प्रसारण सुना गया भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह ने स्थित बूथ क्रमांक 212 पर भाजपा जनों के साथ मन की ब त सुनी । तो वही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 100वे संस्करण को अधिक नव मतदाताओं के बीच मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता व भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को शहडोल जिले के जयसिंहनगर ,ब्योहारी ,जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मन की बात का प्रसारण हुआ।

